# पश्चिमी विक्षोभ का असर, डूंगरपुर व उदयपुर में हुई मावठ

## पश्चिमी विक्षोभ के चलते 26 जनवरी के बाद कई जिलों में मावठ की संभावना जताई गई थी

**उदयपुर, (कासं)।** झीलों के शहर में शनिवार शाम को मावठ की बारिश हुई। बारिश के साथ शहर में एक बार फिर ठंड बढ़ जाएगी। इधर, शनिवार को दिन के तापमान में दो डिग्री की वृद्धि हुई वहीं रात के तापमान में सवा दो डिग्री की कमी हुई है।

पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में 26 जनवरी के बाद मौसम में बदलाव व कई जिलों में मावठ की बारिश की संभावना जताई गई थी। उदयपुर शहर में शनिवार शाम को मावठ की तेज बारिश हुई। बारिश करीब 10 से 12 मिनट तक चली। सर्द हवाओं का जोर मौसम में बने रहने से शाम होते ही तेज ठंड का अहसास बना हुआ है। इधर, मावठ की बारिश के चलते अब फिर ठंड तेज होने के आसार है।

मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो शुक्रवार को क्रमशः 22.2 व 8.6 डिग्री पर था। इससे पूर्व 24 जनवरी मंगलवार को लेकसिटी में घना कोहरा छाया था। बीते चार दिनों से न्यूनतम तापमान 8 डिग्री के इर्द-गिर्द बना हुआ है।

## ठण्डी हवाओं व बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त

**डूंगरपुर, (निसं)।** शनिवार को भौर से ही शीतल हवाओं ने ठण्ड का एहसास यकायक बढ़ा दिया। और दिन भर चली ठण्डी हवाओं व धूंध के आगोश ने सामान्य जन जीवन को झकझोर कर रख दिया। इसके बावजूद प्रातः हल्की

- **धूंध की आगोश में सूर्य की रोशनी रही मंद**
- **देर शाम को तेज गर्जना के साथ हुई बारिश**


डूंगरपुर में शनिवार शाम को हुई तेज बारिश के बीच गुरजते शहर वासी।

बूंदाबांदी भी हुई, दोपहर में हल्की मध्यम बारिश तथा शाम ढ लते ही तेज बारिश के चलते आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया।

आदमी ठण्ड से निजात पाने के जतन करता रहा। शनिवार सूर्य की रेशनी भी फिकी सी रही। शाम पडते ही तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर भी प्रारंभ हुआ। हालांकि बारिश 15 मिनिट ही गिरी,लेकिन मौसम में यकायक ठण्डक भर आई ओर शाम ढलने के साथ ही आम जन अपने अपने घरों में दुबक गया और बाजार व सडके विरान सी होने लगी। वही शनिवार को ठण्ड का सबसे अधिक प्रकोप का एहसास हुआ।

# बस पलटी, 16 सवारियां हुई घायल

## करीब 3 फीट नीचे खेत में जा गिरी बस, दो घायल लोगों को रैफर किया


घायलों का सीएचसी श्रीमाधोपुर में उपचार कराया।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** इलाके में कल्याणपुर से आगे एक ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई, इस दौरान बस में सवार करीब 16 सवारियां घायल हो गई । जिन्हें इलाज के लिए श्रीमाधोपुर राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व रींगस निजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।

सड़क हादसे की सूचना के बाद मौके पर रींगस डिप्टी विजय सिंह, श्रीमाधोपुर थाना अधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार करीब 30 सवारियों से भरी बस नीमकाथाना से रवाना होकर श्रीमाधोपुर के लिए आ रही थी। इसी दौरान कल्याणपुरा गांव के नजदीक नवोड़ी की ढाणी के पास एक घुमाव पर बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। जो सड़क से करीब 3 फीट नीचे खेत में जा गिरी। घटना के बाद बस में सवार लोग चीख पुकार सुनकर

- **ट्रैक्टर को बचाने के चक्कर में पलटी बस**

खेतों तथा घरों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर दौड़ कर आए और बस के सामने वाले हिस्से का शीशा तोड़कर बस में फंसी सवारियों को बाहर निकाला। बस अनियंत्रित होने का मुख्य कारण प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सामने से ट्रैक्टर आ जाने के चलते हुआ। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

गनीमत यह रही कि सड़क हादसे किसी की जनहानि नहीं हुई । बस में सवार कांवट निवासी प्रियंका पत्नी संदीप शर्मा, साक्षी शर्मा पुत्री संदीप शर्मा, जैतुसर निवासी रामकुंवार भोपा पुत्र भंवरलाल, कंचनपुर निवासी गीता देवी पत्नी ओमप्रकाश, हांसपुर निवासी अनीता पत्नी हंसराज,विद्या देवी पत्नी रामलाल,बर्फा देवी पत्नी सुरेश,चला निवासी कंचन शर्मा पत्नी संतोष,घसीपुरा निवासी मंजू पुत्री गिरधारी लाल, श्रीमाधोपुर निवासी निकिता पत्नी विकास मीणा, कोछोर निवासी वशं पुत्र विकास मीणा, श्रीमाधोपुर निवासी रतनलाल पुत्र गणेश राम, चौकड़ी निवासी जितेंद्र पुत्र बजरंग सिंह, कांवट निवासी पावर पुत्र संदीप शर्मा, किशनपुरा निवासी बिदामी देवी पत्नी संतोष कुमार और कांवट निवासी संदीप कुमार शर्मा पुत्र शंकर लाल शर्मा घायल हो गए से घायल हो गए।

सड़क हादसे में घायलों लोगों का अस्पताल प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। वहीं दो गंभीर घायलों हांसपुर निवासी विद्या देवी पत्नी रामलाल तथा जैतुसर निवासी रामकुंवारभोपा पुत्र भंवरलाल की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने रैफर कर दिया।

# पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह के आवास के बाहर छात्रसंघ का धरना

## पेपर लीक मामले पर सरकार को घेरा


पूर्व मंत्री जितेन्द्र सिंह के आवास पर प्रदर्शन के लिए जाते छात्र।

**अलवर, (निसं)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के आवास फूल बाग के बाहर पहुंच कर धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सरकार पर छात्र राजनीति में हस्तक्षेप करने के आरोप लगाया। पेपर लीक पर सरकार को घेरा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री राहुल यादव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने जयपुर प्रान्त में विधायकों के घर के बाहर प्रदर्शन किया है। यह तुगलकी फरमान है जिसमें कहा है कि विधायक की सहमति से छात्रसंघ उद्घाटन होगा

- **कॉलेज प्रशासन पर छात्रसंघ उद्घाटन में राजनीति करने का आरोप**

इसका जयपुर में विरोध हुआ है।

जिस प्रकार से सरकार के दबाव में कॉलेज प्रशासन छात्रसंघ उद्घाटन में राजनीति करने में लगा है, इसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।अगर इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लिया गया तो विद्यार्थी परिषद बडा प्रदर्शन करेगी।

जिला संयोजक सुदीप डीगवाल ने कहा कि गहलोत सरकार में जिस तरह से पेपर लीक की घटनाएं हुई हैं उससे युवाओं का मनोबल टूटा है। बेरोजगार युवा सुसाइड तक कर चुके हैं, चलती बस में भी पेपर लीक हुए हैं यह सब शर्मनाक है। प्रदेश का युवा इस गहलोत सरकार को उखाड फेंकने का काम करेगा। इस मौके पर जलि संगठन मंत्री पंकज यादव, प्रांत कार्य समिति राहुल चौहान, भिवाडी जिला संयोजक अंकित राठी, छात्रसंघ अध्यक्ष अनिल यादव, नगर मंत्री रोहित चौधरी, इकाई अध्यक्ष यशदीप, विशेष जैन, पूजा कुमारी, देव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# छह महीने बाद दर्ज हुई एफ.आई.आर.

**बीकानेर, (कासं)।** एक प्राइवेट स्कूल संचालक के साथ छह महीने पहले हुई मारपीट के मामले में अब गंगाशहर थाने में यहीं पर ए.एस.आई रहे भवानी दान सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया तो अब न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

एफआईआर में आरोप है कि एएसआई भवानीदान और तीन अन्य कांस्टेबल ने नौ अगस्त 2022 को स्कूल में आकर संचालक लोकेश कुमार मोदी के साथ मारपीट की। जबरन उसे पुलिस जीप में डालकर ले गए। जब एएसआई आए, तब तक किसी तरह की कोई एफआईआर दर्ज नहीं थी। ये सब सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इस मामले में एफआईआर दर्ज करवाने के लिए गंगाशहर पुलिस को कई बार रिपोर्ट दी गई लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। ऐसे में अदालत में इस्तगासा दायर करके सीआरपीसी के तहत एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

स्कूल संचालक के साथ मारपीट के खिलाफ तब बीकानेर के अधिकांश स्कूल संचालक एक मंच पर आ गए। कलक्टरी में विरोध प्रदर्शन किया। एसपी योगेश यादव से मिलकर विरोध दर्ज कराया, तब एएसआई को निलंबित किया गया और कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया गया। इसके कुछ समय बाद ही एएसआई का निलंबन रद्द हो गया। गंगाशहर थाने में एएसआई सहित टीसी नहीं देने की शिकायत करने वाले अभिभावक गोविन्द सोनी के खिलाफ एफआईआर करवाई गई है।

## हमले में तीन छात्र घायल

**उदयपुर, (निसं)।** आपसी विवाद में आरोपी ने चाकू से हमला कर तीन छात्रों को घायल का दिया । पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार खातियों का मोहल्ला हरिगढ थाना खानपुर आलावदा हॉल जीबीएच बायज हॉस्टल बेडवास निवासी विशाल पुत्र जयरम सुमन ने प्रवीण नामक बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि 27 जनवरी सांय मैं अपने साथी सुमित एवं मोईन अहमद के साथ चाय पी रहा था। जहां किसी बात कोलेकर कहासुनी होने पर अरोपी ने चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। इस दौरान चिल्लाने पर पकड़े जाने के भय से आरोपी फरार हो गया। हमले में मै व दोनों साथी घायल हो गए।

# शहीद स्मारक पर अनशन जारी

**सांभरझील, (निसं.)।** 70 साल से सांभर को जिला बनाने की मांग लगातार जारी है लेकिन सरकार की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई सकारात्मक उत्तर नहीं मिल रहा है। जबकि 70 साल की अवधि में निवर्तमान सरकार की ओर से प्रदेश में दौसा, बारां, प्रतापगढ़, राजसमंद नवीन जिले घोषित किए गए लेकिन राजस्थान का सबसे पुराना उपखंड सांभर की उपेक्षा ही बरती गई है।

राजनीतिक प्रेशर का अभाव सांभर के हमेशा ही आड़े आता रहा है। 2012 में बार एसोसिएशन सांभर लेक की ओर से उठाएगी आवाज का समर्थन करते हुए तत्कालीन जयपुर ग्रामीण सांसद पंचायत राज मंत्री लालचंद कटारिया, क्षेत्रीय विधायक निर्मल कुमावत सहित अनेक ग्राम पंचायतों के सरपंचों व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सांभर के पक्ष में लिखित में अभिशंषा भिजवाई गई थी। इसके पश्चात वर्तमान में भी सांभर को जिला घोषित करवाने के लिए उठाई गई मांग का समर्थन करते हुए फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक पद के उम्मीदवार रहे विद्याधर चौधरी व वर्तमान विधायक निर्मल कुमावत ने भी मांग का समर्थन करते हुए सरकार से सांभर को जिला घोषित करवाने के लिए अनुरोध किया है। जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक विवेक शर्मा नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी के नेतृत्व में शनिवार को जयपुर के शहीद स्मारक पर अनशन कर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

# युवक ने फांसी का फंदा लगाया, तीन दिन से डिप्रेशन में था

**अजमेर, (कासं)।** आदर्श नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में लगे छत के पंखे से फांसी का फंदा लगाकर जान दी तो वहीं अलवर गेट थाना क्षेत्र निवसी एक छात्रा ने ट्रेन के आगे कूद अपनी जान दे दी। पुलिस ने युवक व छात्रा का जेएलएन अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

आदर्श नगर थाना क्षेत्र के सूर्य विहार कॉलोनी निवासी एक युवक ने शुक्रवार देर रात अज्ञात कारणों के चलते कमरे में लगे छत के पंखे से खुद को फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन को जैसे ही पता चला उन्होंने तुरंत आदर्श नगर थाना पुलिस को सूचित कर मौके पर बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवाया था, जहां शनिवार सुबह पुलिस ने परिजन की मौजूदगी में मृतक युवक के शव का अस्पताल से पोस्टमार्टम करा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। मृतक के परिजन पिता ने बताया कि पुत्र विनायक एमएससी कर चुका था और आगे की पढ़ाई के लिए मुंबई जाने वाला था। विनायक पिछले 3 दिनों से डिप्रेशन में चल रहा था और घर में किसी से बात भी नहीं कर रहा

- **छात्रा ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग**

था। शुक्रवार शाम को वह जब घर आया और सोने के लिए अपने कमरे में चला गया। रात को जब उसकी मां ने उसे खाना खाने के लिए जगाने का प्रयास किया तो कमरे में छत के पंखे से उसे लटका देख उसके होश उड़ गए। मां ने शोर मचा दिया, शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग भी वहां पहुंच गए और पुलिस को सूचना देकर बुला लिया।

आदर्श नगर थाना पुलिस ने जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के मेडिकल जूरिस्ट चिकित्सक की सूचना पर शनिवार को अस्पताल पहुंचकर मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी है। अलवर गेट थाना क्षेत्र के शृंगार चंवरी बिहारीगंज निवासी कॉलेज छात्रा ने शुक्रवार देर राम अज्ञात कारणों के चलते रेलवे ट्रैक पर आ रही ट्रेन के आगे छलांग लगा दी जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अलवर गेट थाना पुलिस के अनुसार बिहारीगंज निवासी जितेंद्र उवाना की 25 वर्षीय पुत्री बीना उर्फ पूजा शाम को धोला भाटा इलाके में ट्रैक पर आ रही मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी। इसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे लेकर जेएलएन अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया। मरने से पूर्व बीना ने अपने हाथ पर परिजन का मोबाइल फोन नंबर लिखा था, जिसे देखकर पुलिस ने उक्त नंबर पर फोन करके परिजन को बुलाया था, जिसके बाद ही उसकी शिनाख्त बीना उबाना के रूप में हुई थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## उपरगामिया गांव में पैंथर ने दस्तक दी

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले की फॉरेस्ट रेंज डूंगरपुर के रंगेला नाके के उपरगामिया गांव में शनिवार सुबह पैंथर ने दस्तक दी। ग्रामीणों ने शोर मचाया तो पैंथर बरसती नाले में झाडियों के बीच छुप गया है। दरअसल शनिवार सुबह उपरगामिया गांव के ग्रामीण खेतों में गेहूं की फसल को पानी पिला रहे थे।

खेत पर श्वानो के भोंकने पर पैंथर

- **पहाड़ी के चारों ओर किसानों का जमावड़ा लगा हुआ हैं**

होने का संदेह हुआ तो किसान पहाडों पर चढ गए। किसानों ने खेतो के ही पास बरसाती नाले में देखा तो पैंथर चहल कदमी करता दिखाई दिया। किसानों ने शोर मचाने से दूसरे किसानों को भी सूचना हो गई । सभी किसान आस-पास के पहाडों पर जान बचाने चढ गए। वही शोर सुनकर आस-पास के घरों से भी लोग नाले के चारो तरफ के पहाडों पर जमा हो गए। भीड़ को देखकर पैंथर जंगली झाडियों में दुबक कर छुप गया।

मामले की सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। इस पर रेस्क्यू टीम फॉरेस्टर अशोक भाई के साथ उपरगामिया गांव पहुंची। टीम ने सभी लोगो से दूर हटने का कहने के बाद भी लोग पहाडों पर डेरा डाले हुए हैं। पैंथर के नाले से बाहर आने का इंतजार किया जा रहा है,जिससे उसके बाहर आने पर सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके।

# लॉरेंस गैंग के नाम पर पार्षद-डॉक्टर से मांगी फिरौती

## पार्षदों से 50-50 लाख व चिकित्सक से मांगे एक करोड़ रुपए

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले में लॉरेंस गैंग के नाम से फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। दो पार्षद और एक डॉक्टर से व्हाट्सऐप के जरिये फिरौती मांगी गई है और नहीं देने की सूरत में जान से मारने की धमकी दी है। गत वर्ष भी लॉरेंस गैंग के कथित गुर्गों ने सरेआम जंक्शन की धान मंडी में एक दुकान पर फायरिंग करके दहशत फैलाई थी। इस बार अनमोल बिश्नोई और रितिक बॉक्सर का नाम सामने आया है। रितिक बॉक्सर की जंक्शन पुलिस को जंक्शन धानमंडी में हुई फायरिंग मामले में भी तलाश है।

जंक्शन थाना प्रभारी अरुण चौधरी ने बताया कि भाजपा पार्षद राजेन्द्र कुमार (45) पुत्र रामपत जाट निवासी वार्ड 57, बिजली कॉलोनी, सुरेशिया ने जंक्शन पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसके और गुरदीप सिंह बराड़ निवासी गांधीनगर के मोबाइल फोन नम्बर पर 25 जनवरी को अज्ञात नम्बर से व्हाट्सऐप से वॉइस कॉल आई। कॉल करने वालों ने खुद को लॉरेंस गैंग के अनमोल बिश्नोई और रितिक बॉक्सर बताते हुए जान से मारने की धमकी दी।

बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश पासवान ने बताया कि संभाग के चारों

- **अनमोल बिश्नोई और रितिक बॉक्सर का नाम सामने आया**
- **व्हाट्सऐप के जरिये फिरौती मांगी व मारने की धमकी दी**

जिलों में ऑपरेशन हंटर चलाया जा रहा है, जिसमें हिस्ट्रीशीटर और हार्डकोर बदमाशों की कुंडली बनाई जा रही है। उधर, हनुमानगढ़ एसपी डॉक्टर अजय सिंह ने बताया कि दोनों मामले में अनमोल बिश्नोई का नाम सामने आया है। वहीं, एक मामले में रितिक बॉक्सर का भी नाम आया है। रितिक बॉक्सर को पकड़ने के लिए अलग से टीम गठित की गई हैं, जो हल्की सी जानकारी मिलने पर दबिश दे रही है। वहीं, अनमोल बिश्नोई के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है उसके लिए भी टीम गठित की है। अभी पुलिस जांच कर रही है। बदमाश पुलिस के पकड़ में आने के बाद ही ज्यादा कुछ बताया जा सकता है।

## संरक्षण अधिकारी परीक्षा संपन्न

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा संरक्षण अधिकारी (महिला अधिकारिता विभाग) परीक्षा-2022 का आयोजन शनिवार को जयपुर जिला मुख्यालय पर कराया गया। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित प्रथम प्रश्न-पत्र सामान्य ज्ञान की परीक्षा में पंजीकृत 1848 अभ्यर्थियों में से 589 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया। दोपहर 2 से 5 बजे तक द्वितीय प्रश्न-पत्र की परीक्षाओं का आयोजन किया गया। इसमें सोशल वर्क विषय में पंजीकृत 779 अभ्यर्थियों में से 172 अभ्यर्थियों द्वारा एवं लॉ विषय की परीक्षा के लिए पंजीकृत 1069 अभ्यर्थियों में से 396 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया।

## दो करोड़ की नगदी बरामद

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** बांदरसिंदरी थाना पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान कार से करीब दो करोड 7 लाख की नगदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार किशनगढ से जयपुर जा रहे कार सवार को रुकवाकर तलाशी लेने पर बैग में रखी नगदी पड़ी मिली। पूछताछ के दौरान कारोबारी से इतनी बड़ी रकम मिलने के बावजूद कारोबारी संतुष्ट जबाब नहीं दे पाया। इसके चलते राशि जब्त की गई। अजमेर कंट्रोल रूम से मिली इतला के आधार पर नाकाबन्दी कर क्रेटा कार को रुकवाया गया और दो बैग में रखी नगदी जब्त की।

# चुनाव में पेपर लीक भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा होगा: मंत्री सुभाष सरकार

## राजस्थान सरकार ट्रांसफर पॉलिसी पर सिर्फ बात कर रही है

**बीकानेर, (निसं) ।** केंद्र सरकार के शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने राजस्थान सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि गहलोत सरकार रोजगार देने के बजाय पेपर लीक कर रही है और भ्रष्टाचार चरम पर है।

भाजपा कार्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि कोई चोरी करेगा तो खुद नहीं बोलेगा। इसी तरह राजस्थान में भी सरकार भ्रष्टाचार इतना कर रही है लेकिन बोल नहीं रही। पेपर लीक मामले में भी सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस चुनाव में पेपर लीक भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब तक स्कूल्स में टीचर्स के ट्रांसफर के लिए प्लान नहीं बना सकी है ट्रांसफर पॉलिसी की सिर्फ बात हो रही है। राज्य सरकार को केंद्रीय विद्यालयों से सीखना चाहिए, जहां एक नीति के तहत टीचर्स को ट्रांसफर मिलता है। उन्होंने कहा कि देश में नई शिक्षा नीति धीरे -धीरे लागू हो रही है।

केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए सरकार ने कहा कि चिरंजीवी योजना को सिर्फ राजनीतिक रूप से देखा जा रहा है। आयुष्मान भारत से देश में करोड़ों लोगों को लाभ हुआ है। उसी को अपने स्तर पर बदलकर



केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता की।

- **बी.बी.सी. डॉक्युमेंट्री देखना राष्ट्र द्रोह**

गहलोत सरकार अपना प्रचार कर रही है। स्वास्थ्य योजनाओं के नाम पर राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में साठ प्रतिशत प्रीमियम सरकार भर रही है जबकि चिरंजीवी योजना से जनता को आर्थिक भार सहन करना पड़ रहा है।

बीबीसी डॉक्युमेंट्री पर रोक के मुद्दे पर कहा कि देश में गलत चीज दिखाना बर्दाश्त नहीं है। एंट्री नेशनल फीलिंग बच्चों में नहीं आने देंगे। इससे देश व बच्चों को नुकसान होगा। बीबीसी डॉक्यूमेंट्री में भी एंट्री नेशनल फीलिंग है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार बच्चों को रामचरित मानस के बारे में कुछ सीखा रही है तो ये स्वागत योग्य है।

केंद्रीय मंत्री सुभाष सरकार ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से संवाद किया व पार्टी की रीति नीति बताते हुए अपने अनुभव साझा करते हुए कहा राजस्थान में जल्दी कमल खिलने वाला है और वेंटीलेटर पर चल रही कांग्रेस सरकार की विदाई होने वाली है। आज के कार्यक्रम में डॉ सत्यप्रकाश आचार्य, मुमताज अली भाटी, अखिलेश प्रताप सिंह, नारायण चोपड़ा, राजेंद्र पंवार, मोहन सुराणा, अनिल शुक्ला, नरेश नायक, आनंद सिंह भाटी, हनुमान चावड़ा, भूपेंद्र शर्मा, सुमन छाजेड़, सुषमा बिस्सा, रमजान अब्बासी, श्याम चौधरी, ओम प्रकाश मीणा, मुकेश ओझा, संगीलाल गहलोत, उपस्थित रहे।